# योगी ने शिक्षकों को दी बड़ी सौगात

## सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों की ग्रेच्युटी सीमा बढ़कर हुई 25 लाख



**लखनऊ 17 मार्च. उत्तर प्रदेश सरकार ने अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों एवं कर्मचारियों को बड़ी राहत दी है.**

शासन ने ग्रेच्युटी/उपादान की अधिकतम सीमा को 20 लाख रुपये से बढ़ाकर 25 लाख रुपये करने की स्वीकृति प्रदान कर दी है। शासन स्तर पर विशेष सचिव उमेश चन्द्र द्वारा जारी आदेश के अनुसार, जब महंगाई भत्ता (डीए) मूल वेतन का 50 प्रतिशत हो जाता है, तो ग्रेच्युटी की अधिकतम सीमा बढ़ाने का प्रावधान लागू होता है। शासनादेश में उल्लेख किया गया है कि यह निर्णय पूर्व में जारी आदेश 7 मई 2017 तथा वित्त विभाग के शासनादेश 23 दिसंबर 2016 और 02 जुलाई 2024 के प्रावधानों के अनुरूप लिया गया है.

गौरतलब है कि पहले सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों और कर्मचारियों के लिए ग्रेच्युटी की अधिकतम सीमा 20 लाख रुपये निर्धारित थी, जिसे अब बढ़ाकर 25 लाख रुपये कर दिया गया है.

### शिक्षक, वकील और पत्रकारों को मिलेंगे मकान

**लखनऊ .** योगी आदित्यनाथ ने राज्य में अवैध कब्जों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि माफियाओं से मुक्त कराई गई सरकारी जमीनों का अब जनहित में उपयोग किया जाएगा। खासतौर पर इन जमीनों पर आवासीय परियोजनाएं विकसित कर शिक्षकों, वकीलों और पत्रकारों को फ्लैट उपलब्ध कराए जाएंगे.

### मुख्यमंत्री युवा योजना से बदली तकदीर

**लखनऊ .** उत्तर प्रदेश सरकार की 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान' योजना युवाओं के लिए स्वरोजगार का मजबूत आधार बनती जा रही है। इस योजना के तहत मिलने वाले ब्याज मुक्त और गारंटी मुक्त ऋण से युवा न केवल आत्मनिर्भर बन रहे हैं, बल्कि दूसरों के लिए भी रोजगार के अवसर सृजित कर रहे हैं। इसी कड़ी में राजधानी लखनऊ की रहने वाली खुशी गुप्ता महिला उद्यमिता की नई पहचान बनकर उभरी हैं.

### ग्रेटर नोएडा में खुलेगा ऑस्ट्रेलिया की यूनिवर्सिटी का पहला कैंपस

**ग्रेटर नोएडा.** ऑस्ट्रेलिया की प्रतिष्ठित वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी का पहला कैंपस शुरू होने जा रहा है. यह कैंपस उत्तर प्रदेश में जिला गौतमबुद्धनगर परिक्षेत्र ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण परिसर स्थित टावर-दो की तीन मंजिलों (छठी, सातवीं और आठवीं) पर स्थापित किया जाएगा. यूनिवर्सिटी के प्रतिनिधियों ने जल्द ही कैंपस के निर्माण और संचालन की प्रक्रिया शुरू करने के संकेत दिए हैं. यूनिवर्सिटी के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को ग्रेटर नोएडा के सेक्टर-16बी स्थित मैक्स टावर में आयोजित कार्यक्रम में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को परफॉर्मेंस गारंटी से जुड़े दस्तावेज सौंपे.

# किसानों की आय और सुरक्षा की गारंटी : शिवराज

## तंबाकू की जगह नकदी वाली फसलें प्रोत्साहित कर रही हैं केंद्र सरकार



**नई दिल्ली, 17 मार्च. केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि नरेंद्र मोदी सरकार ने तंबाकू जैसी हानिकारक फसल के स्थान पर लाभदायी वैकल्पिक फसलें उपलब्ध कराने से लेकर एमएसपी पर ऐतिहासिक खरीदी, फसल बीमा योजना में क्रांतिकारी सुधार और सख्त निगरानी व्यवस्था के जरिए किसानों की आय और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है.**

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज लोक सभा में सांसदों के विभिन्न प्रश्नों के उत्तर देते हुए बताया कि मोदी सरकार ने केवल किसानों से तंबाकू की उपज छोड़ने की अपील नहीं की, बल्कि जिन क्षेत्रों में ये उगाई जाती है, वहां हाइब्रिड मक्का, मिर्च, शकरकंद, कपास, आलू, चिया, फीड बीन, लोबिया, रागी, रेड ग्राम, गन्ना, सोयाबीन, ज्वार और मूंगफली जैसी लाभकारी फसलों को मजबूत विकल्प के रूप में चिन्हित किया गया है ताकि किसानों की नकदी आमदनी सुरक्षित रहे.

### बापू हमारे विचारों में हैं- शिवराज सिंह चौहान

**नई दिल्ली.** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राज्यसभा में आज कांग्रेस और विपक्ष पर तीखा राजनीतिक प्रहार करते हुए महात्मा गांधी जी की विरासत, मनरेगा, विकसित भारत-जी राम जी कानून, पीएम आवास, आयुष्मान, मुफ्त राशन, लखपति दीदी और ग्रामीण रोजगार योजनाओं के सहारे पूरा नैरेटिव उलट दिया। उन्होंने साफ संदेश दिया कि बापू हमारे विचारों, भावनाओं और अंतरात्मा में हैं, भाजपा की

### 5 बीमा कंपनियों पर 8 करोड़ का जुर्माना

**नई दिल्ली.** सरकार ने गलत तरीके से पॉलिसी बेचने और नियमों के उल्लंघन के मामले में 5 बड़ी कंपनियों पर करीब 8 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है. इसके साथ ही, इंश्योरेंस मार्केट का दायरा बढ़ाने के लिए सरकार अब 25,000 ग्राम पंचायतों को बीमा कवरेज के दायरे में लाने की तैयारी कर रही है.

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने राज्यसभा में कहा है कि बीमा कंपनियों की किसी भी गड़बड़ी को नजरअंदाज नहीं किया जाएगा. इंश्योरेंस रेगुलेटर ऐसी कंपनियों पर लगातार कार्रवाई कर रहा है. अब सरकार बीमा (इंश्योरेंस) को देश के दूर-दराज के गांवों तक पहुंचाने के लिए एक नया तरीका अपना रही है.

# डाक विभाग ने शुरू 48 घंटे की स्पीड पोस्ट सेवा



- मुंबई समेत देश के 6 शहरों में होगी तय समय में डिलीवरी
- केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया रहे मौजूद

**नई दिल्ली, 17 मार्च. केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने देश के 6 प्रमुख शहरों में 24 और 48 घंटे में गारंटीकृत वितरण देने वाली डाक विभाग की नई सेवाओं '24 स्पीड पोस्ट', '24 स्पीड पोस्ट पार्सल' और '48 स्पीड पोस्ट' का शुभारंभ किया.** इन सेवाओं के तहत अब दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, बेंगलुरु और हैदराबाद में रिकॉर्ड समय में पार्सल पहुंचाया जाएगा. देरी होने की स्थिति में उपभोक्ता को पूरा शुल्क वापस किया जाएगा.

केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि देश के 6.5 लाख गांवों, हर तहसील और तालुका में यदि परिवार के सदस्य से भी अधिक किसी संस्था पर भरोसा किया जाता है तो वह ग्रामीण डाक सेवा है. यही भरोसा डाक विभाग की सबसे बड़ी ताकत है. उन्होंने जोर देकर कहा कि दुनिया में डाक विभाग जैसा इतना बड़ा और गहराई तक फैला नेटवर्क किसी अन्य देश के पास नहीं है. यह नेटवर्क देश के अंतिम छोर तक अपनी पहुंच बनाए हुए है. सिंधिया ने कहा कि यह सेवा डाक विभाग के लिए एक नए युग की शुरुआत है. आज देश के अंतिम व्यक्ति तक स्मार्टफोन पहुंच चुका है और ई-वाणिज्य तेजी से बढ़ रहा है. वर्तमान में यह बाजार लगभग 11 लाख करोड़ रुपये का है जो 2030 तक 30 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने की संभावना है.

### आज का इतिहास

1801- भारत में पहला आयुध निर्माण कारखाना कोसीपुर, कोलकाता में स्थापित.

1837-अमेरिका के 22वें और 24वें राष्ट्रपति ग्रोवर क्लीवलैंड का जन्म

1858- डीजल इंजन के खोजकर्ता रूडोल्फ डीजल का जन्म.

1871-भारतीय-अंग्रेजी गणितज्ञ और अकादमिक ऑगस्टस डी मॉर्गन का निधन.

1910- गोपाल कृष्ण गोखले ने ब्रिटिश विधान परिषद के सामने मुफ्त और अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा का प्रस्ताव रखा.

1914-आजाद हिन्द फौज के अधिकारी गुरबख्श सिंह ढिल्लों का जन्म.

# 19 से 28 मार्च तक 36 उड़ानों का करेगी परिचालन एयर इंडिया

- एयर इंडिया कनाडा के लिए 36 अतिरिक्त उड़ानों का करेगी परिचालन

**नई दिल्ली, 17 मार्च. टाटा समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया ने बढ़ी मांग को देखते हुए यूरोप और कनाडा के लिए 19 से 28 मार्च के बीच 36 अतिरिक्त उड़ानों ( दोनों तरफ मिलाकर ) के परिचालन की घोषणा की है.**


एयरलाइंस ने मंगलवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि ये उड़ानें दिल्ली से लंदन (हीथ्रो), फ्रैंकफर्ट, ज्यूरिख और टोरंटो के लिए तथा मुंबई से लंदन (हीथ्रो) के लिए होंगी. इन उड़ानों के माध्यम से 10,012 अतिरिक्त सीटें उपलब्ध होंगी. एयर इंडिया ने बताया कि दिल्ली से लंदन के लिए चार अतिरिक्त उड़ानें 20, 22, 25 और 27 मार्च को और मुंबई से ब्रिटेन की राजधानी लंदन के हीथ्रो हवाई अड्डे के लिए एक मात्र उड़ान 21 मार्च को उपलब्ध होंगी. दिल्ली से जर्मनी के फ्रैंकफर्ट के लिए आठ अतिरिक्त उड़ानें 19, 20, 22, 23, 24, 25, 26 और 27 मार्च को रवाना होंगी. दिल्ली से स्विटजरलैंड के ज्यूरिख के लिए एक मात्र उड़ान 24 मार्च को उपलब्ध रहेगी. दिल्ली से कनाडा के टोरंटो के लिए 19, 21, 24 और 26 मार्च को चार अतिरिक्त उड़ानों की योजना है. इससे पहले एयर इंडिया ने 10 से 18 मार्च के बीच नौ मार्गों पर 78 अतिरिक्त उड़ानों की घोषणा की थी.

### बरेली में सास और साले का हत्यारोपी पुलिस मुठभेड़ में ढेर

**बरेली.** उत्तर प्रदेश में बरेली जिले के इज्जतनगर थाना क्षेत्र में सास और साले की हत्या करने के आरोपी को पुलिस ने मंगलवार भोर एक सशस्त्र मुठभेड़ में मार गिराया. रहपुरा चौधरी गांव में सोमवार दोपहर आरोपी अफसर खान ने अपनी पत्नी साइमा, सास आसमा और साले आदिल पर चाकू से हमला किया. हमले में सास और साले की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पत्नी साइमा गंभीर रूप से घायल हो गई और उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती है. वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने बताया कि घटना बाद पुलिस ने आरोपी की खोज शुरू की.

# 10 सीट भी नहीं जीत पाएगी भाजपा : केजरीवाल

- आप को पिछले 4-5 वर्षों में बदनाम करने की कोशिश की
- सच्चाई के मार्ग पर चलना आसान नहीं है



**गोवा, 17 मार्च. आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गोवा में मंगलवार को एक रैली को संबोधित किया। उन्होनें कहा कि अगर अभी चुनाव करा दिए जाएं तो भारतीय जनता पार्टी 1 सीटें भी नहीं जीत पाएगी, जबकि आम आदमी पार्टी 6 से अधिक सीटें हासिल कर लेगी.**

अरविंद केजरीवाल ने ये भी कहा कि आम आदमी पार्टी ने अग्निपरीक्षा को सफलतापूर्वक पास कर ली है। उन्होंने कहा कि आप का नेतृत्व अग्निपरीक्षा से निकलकर आया है।

इतिहास गवाह है कि जब हम सच्चाई के मार्ग पर चलते हैं, तो अग्निपरीक्षा देनी पड़ती है। सच्चाई के मार्ग पर चलना आसान नहीं है। आप को पिछले 4-5 वर्षों में बदनाम करने की कोशिश की गई है। उन्होंने आगे कहा, हमारे ऊपर आरोप लगाया गया कि केजरीवाल ने 100 करोड़ का शराब घोटाला कर दिया.

### बस -ट्रक की भिड़ंत में पांच लोगों की मौत

**हनुमानगढ़.** राजस्थान में हनुमानगढ़ जिले के रावतसर थाना क्षेत्र में मेगा हाईवे पर मंगलवार सुबह बस और ट्रक की टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गयी और पांच से अधिक यात्री घायल हुए हैं. पुलिस सूत्रों ने बताया कि निजी बस श्रीगंगानगर से जयपुर के लिये सुबह पांच बजे रवाना हुई थी.

यह बस हनुमानगढ़ में बरमसर के पास एक वाहन से आगे निकलने के प्रयास में विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक से टकरा गयी.

### साय ने विस. परिसर में तीन दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का किया शुभारंभ



रायपुर, 17 मार्च. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मंगलवार को छत्तीसगढ़ विधानसभा परिसर में आयोजित तीन दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ किया. मुख्यमंत्री ने शिविर में स्वयं स्वास्थ्य जांच कराकर स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का सशक्त संदेश दिया. उन्होंने कहा कि वर्तमान जीवनशैली में शारीरिक गतिविधियों में कमी आने के कारण विभिन्न प्रकार की बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं, ऐसे में नियमित स्वास्थ्य जांच अत्यंत आवश्यक हो गई है. उन्होंने कहा कि समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराने से व्यक्ति समय रहते जागरूक रहकर आवश्यक सावधानी अपनाते हुए गंभीर बीमारियों से बचाव कर सकता है. उन्होंने कहा कि स्वस्थ नागरिक ही सशक्त समाज और समृद्ध राज्य की नींव होते हैं.

# इजरायली हमले में ईरान के सुरक्षा प्रमुख लारीजानी की मौत !


**तेल अवीव, 17 मार्च ( शिन्हुआ/वार्ता ) ईरान के रक्षा मंत्रालय ने स्वीकार कर लिया है कि इजरायल के हमले में उनके शीर्ष सुरक्षा प्रमुख अली लारीजानी मारे गए हैं.** इससे पहले इजरायली मीडिया ने दावा किया कि इजरायली सेना ने ईरान की सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल के सचिव और शीर्ष सुरक्षा प्रमुख अली लारीजानी को निशाना बनाकर हमला किया जिसमें उनकी मौत हो गयी। इजरायल की रिपोर्ट के अनुसार, इजरायली सेना के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल एयाल ज़मीर ने एक बयान में कहा कि रात भर चले सैन्य अभियानों में महत्वपूर्ण खात्मे संबंधी उपलब्धियां दर्ज की गई हैं। जनरल ज़मीर के इन संकेतों को अली लारीजानी पर हुए हमले से जोड़कर देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि इन कार्रवाइयों का युद्ध के आगामी घटनाक्रम पर गहरा प्रभाव पड़ सकता है.



राज्यसभा चुनाव जीतकर दिल्ली पहुंचे नितिन नवीन का हवाई अड्डे पर भव्य स्वागत भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन राज्यसभा चुनाव जीतकर मंगलवार को नई दिल्ली पहुंचे हैं। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने हवाई अड्डे पर पहुंचकर उनका स्वागत किया। सांसद मनोज तिवारी और बांसुरी स्वराज ने भी उनका वेलकम किया.

# 'युवाओं को नशों से बचाने के लिए समर्पित है केंद्र

### अमित शाह ने एनसीबी को स्थापना दिवस पर बधाई दी



**नई दिल्ली, 17 मार्च. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ( एनसीबी ) के स्थापना दिवस के अवसर पर एजेंसी के कर्मियों को बधाई दी।**

**सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में अमित शाह ने पोस्ट करते हुए लिखा, एनसीबी के जवानों को उनके स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं.** नशीले पदार्थों से हमारे युवाओं की रक्षा के लिए समर्पित एक प्रमुख एजेंसी के तौर पर एनसीबी पूरी कुशलता के साथ अपनी जिम्मेदारी निभा रही है और मोदी जी के 'नशामुक्त भारत' के विजन को अभूतपूर्व गति से आगे बढ़ा रही है.

### पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के लिए 1,111 केंद्रीय पर्यवेक्षक तैनात

नई दिल्ली, 17 मार्च. चुनाव आयोग ने असम, केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और पुडुचेरी में होने वाले विधानसभा चुनावों के साथ-साथ छह राज्यों में होने वाले उपचुनावों के लिए 1,111 केंद्रीय पर्यवेक्षकों को तैनात किया है. मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में बताया गया है कि इन पर्यवेक्षकों में सामान्य, पुलिस और व्यय अधिकारी शामिल हैं। इन्हें चुनाव आयोग के आंख और कान के रूप में वर्णित किया गया है, जो चुनावी प्रक्रिया के दौरान जमीनी स्तर पर निगरानी रखेंगे। आयोग के अनुसार सामान्य पर्यवेक्षक की संख्या 557, पुलिस पर्यवेक्षक 188 तथा व्यय पर्यवेक्षक 366 होगी। इनको 832 विधानसभा क्षेत्रों और उपचुनाव वाली सीटों पर तैनात किया जायेगा। आंकड़ों के अनुसार, चुनावी राज्यों में पश्चिम बंगाल में सबसे अधिक 294 सामान्य पर्यवेक्षक तैनात किए गए हैं। इसके बाद तमिलनाडु में 136, असम और केरल में 51-51, और पुडुचेरी में 17 तथा उपचुनाव वाले राज्यों के लिए आठ सामान्य पर्यवेक्षक तैनात किए गए हैं। पश्चिम बंगाल में उच्च तैनाती राज्य के चुनावी इतिहास और राजनीतिक संवेदनशीलता को देखते हुए की गई है। पश्चिम बंगाल में 84 पुलिस पर्यवेक्षकों के साथ -साथ तमिलनाडु में 40, असम में 35, केरल में 17, पुडुचेरी में चार तथा उपचुनाव वाले राज्यों में आठ पुलिस पर्यवेक्षकों की तैनाती की गयी है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने पहले ही स्पष्ट कर दिया था कि चुनाव पूरी तरह से हिंसा मुक्त और प्रलोभन मुक्त वातावरण में होने चाहिए। आयोग ने सभी पर्यवेक्षकों को 18 मार्च तक अपने संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में पहुँचने का निर्देश दिया है। ये पर्यवेक्षक अपनी डयूटी पर पहुँचने के बाद, अपने संपर्क विवरण सार्वजनिक करेंगे.


साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इंडिया लिमिटेड का उपक्रम)

**सूचना**

एसईसीएल द्वारा सामग्रियों, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद के लिए जारी निविदाऐं एसईसीएल की वेबसाईट http://www.secl-cil.in, कोल इंण्डिया के ई-प्रोक्यूमेंट पोर्टल http://coalindiatenders.nic.in और सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्यूरमेंट पोर्टल http://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल http://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीदी का कार्य किया जाता है। एसईसीएल के माईनिंग सर्विसेस की निविदायें भी अब जीईएम पोर्टल http://gem.gov.in पर उपलब्ध हैं।

**कब्जे की सूचना - (अचल संपत्ति के लिए) नियम 8-(1)**

चूँकि, अधोहस्ताक्षरी, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत IIFL होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इन्फोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से विख्यात) (IIFL-HFL) के प्राधिकृत अधिकारी हैं और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 की धारा 13(12) के साथ नियम 3 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, कंपनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे उल्लिखित उधारकर्ता/सह-उधारकताओं को राशि चुकाने के लिए एक माँग नोटिस जारी किया गया था, अतः उधारकर्ता और आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों की धारा 13(4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। विशेष रूप से उधारकर्ता और आम जनता को एतद्द्वारा संपत्ति से संबंधित लेन-देन न करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन IIFL HFL द्वारा यहां उल्लिखित राशि और उस पर ब्याज सहित प्रभारित किया जाएगा। उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है, यदि उधारकर्ता बिक्री या हस्तांतरण के लिए निर्धारित तिथि से पहले किसी भी समय "IIFL HFL" की बकाया राशि, सभी लागतों, शुल्कों और व्ययों का भुगतान कर देता है, तो सुरक्षित संपत्तियां "IIFL HFL" द्वारा बेची या हस्तांतरित नहीं की जाएंगी और सुरक्षित संपत्तियों के हस्तांतरण या बिक्री के लिए "IIFL HFL" द्वारा कोई और कदम नहीं उठाया जाएगा।

| उधारकर्ता का नाम /सह-उधारकर्ता | सुरक्षित संपत्ति का विवरण (अचल संपत्ति) | कुल बकाया बकाया राशि (रु.) | मांग सूचना की तिथि | कब्जे की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्री ब्रज लाल भोई श्रीमती मुन्नी बाई (प्रॉस्पेक्ट नं. IL 10489206) | पटवारी हल्का क्र.15, ख.क्र.212/2, मकान क्र. 36/3, वार्ड क्र.21, क्षेत्रफल 900 वर्ग फुट, पताः ग्राम तितारी, ग्राम पंचायत बदलपार, तह. कुराई, जिला सिवनी, म.प्र., 480661, भारत क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकारः भूमि क्षेत्र, निर्मित क्षेत्र, कालीन क्षेत्र संपत्ति का क्षेत्रफलः 900.00, 580.00, 464.00 | रू. 302017/- तीन लाख दो हजार सत्रह मात्र | 17-10-2025 | 14/03/2026 |

अधिक जानकारी के लिए, शाखा कार्यालयः 225, नेपियर टाउन, दूसरी मंजिल, चंद्रिका टावर्स के सामने, शास्त्री ब्रिज रोड, जबलपुर या कॉर्पोरेट कार्यालयः प्लॉट नं.98, फेज-IV, उद्योग विहार, गुरुग्राम, हरियाणा में अधिकृत अधिकारी से संपर्क करें।

स्थानः जबलपुर
दिनांकः 18.03.2026

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी,
आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड के लिए।

**मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल** प्रॉपर्टी फॉर सेल

(रेरा रजिस्ट्रेशन नंबर P-JBP-22-3203)



विस्तृत जानकारी एवं ई-ऑफर की सुविधा www.mphousing.in/ www.mponline.gov.in कियोस्क पर उपलब्ध

जबलपुर शहर के मध्य
**ओमती हाइट्स परिसर छोटी ओमती जबलपुर में**
व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स में स्वयं वित्तीय योजना अंतर्गत
ऑफर के माध्यम से दुकानें एवं चेम्बर क्रय करने का सुनहरा अवसर
दुकानों एवं चेम्बरों का मूल्य (ऑफर के माध्यम से विक्रय) (चौदहवाँ विज्ञापन)

ई-ऑफर 21.04.2026 तक आमंत्रित

| क्र. | संपत्ति का प्रकार | दुकान/चेम्बर क्रमांक | कुर्सी क्षेत्रफल (व.मी.) | संपत्ति का अपसेट मूल्य (रुपये) | धरोहर राशि (रुपये) | ऑफर पत्र का मूल्य (रुपये/GST सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चेम्बर | 317 | 33.12 | 28,06,000/- | 5,61,200/- | 1770/- |
| 2 | चेम्बर | 325 | 16.20 | 13,72,500/- | 2,74,500/- | 1770/- |
| 3 | चेम्बर | 327 | 16.43 | 13,92,000/- | 2,78,400/- | 1770/- |
| 4 | चेम्बर | 324 | 33.30 | 28,21,000/- | 5,64,200/- | 1770/- |
| 5 | चेम्बर | 331 | 16.40 | 13,90,000/- | 2,78,000/- | 1770/- |
| 6 | चेम्बर | 332 | 16.63 | 14,10,000/- | 2,82,000/- | 1770/- |
| 7 | चेम्बर | 333 | 34.93 | 29,59,000/- | 5,91,800/- | 1770/- |

**व्यावसायिक/चेम्बर हेतु नियम एवं शर्तें:-** (1). आवेदन एवं धरोहर राशि ऑनलाइन ही स्वीकार की जावेगी। (2). पूर्ण राशि जमा कर विक्रयनामा पंजीकृत कराने के उपरांत ही दुकान/चेम्बर का आधिपत्य प्रदान किया जावेगा। (3). दुकान/चेम्बर का ऑफर स्वीकृत होने उपरांत शेष राशि नियमानुसार किश्तों में देय होगी। (4). समय-समय पर मण्डल एवं शासन द्वारा जारी आदेश/परिपत्र हितग्राही पर बंधनकारी होंगे। (5). दुकान/चेम्बर का आधिपत्य लेने के पश्चात् पानी/बिजली कनेक्शन आवंटी को स्वयं के व्यय पर लेना होगा। (6). दुकान/चेम्बर के मूल्य के अलावा शासन द्वारा निर्धारित जी.एस.टी. की राशि एवं बाह्य सेवा संधारण प्रभार दुकान/चेम्बर के मूल्य का 10 प्रतिशत पृथक से देय होगा। (7). ऑफर स्वीकृति के उपरांत यदि आवेदक स्वयं के कारणों से ऑफर निरस्त कराते हैं तो धरोहर राशि का 50 प्रतिशत कटौती कर शेष राशि बिना ब्याज के आवंटी को वापस की जावेगी। (8). मण्डल/शासन के नियम एवं शर्तें लागू।

**(1). आवेदन एवं धरोहर राशि जमा करने की अंतिम तिथि 21.04.2026. (2). ऑफर राशि/बिड डालने की अंतिम तिथि 22.04.2026. (3). ऑफर खोलने की तिथि 23.04.2026 शाम 3:00 बजे।**

**नोट :- ● संपत्ति रिक्त रहने की स्थिति में पुन: दिनांक 24.04.2026 से प्रारंभ तथा 20.05.2026 तक आमंत्रित। ● ऑफर डालने की अंतिम तिथि 21.05.2026. ● ऑफर खोलने की तिथि 22.05.2026 शाम 3:00 बजे।**

**संपर्क :** D.K. VARKADE (ESTATE OFFICER) Mob. 9425485021, ANKITA GUPTA (ASSISTANT ENGINEER/SUB ENG.) Mob. 9406916509, , Phone No.- 0761-2671404, MP Online Help Line 0755-6720200

(संपदा अधिकारी, संभाग-2 धनवंतरी नगर, जबलपुर)

ऑनलाइन भुगतान में असुविधा होने पर Whatsapp Helpdesk Number 7974264023

पंजीकृत आवंटी अब अपनी समस्त देय राशि का भुगतान मंडल के मोबाइल एप (MPHIDB_GEO जो Google Play Store पर उपलब्ध है) के माध्यम से भी कर सकते हैं। दिये गये QR-Code को स्कैन कर भी एप डाउनलोड कर सकते हैं।

Follow us on /mphidb /mphidb

Visit us : www.mphousing.in

म.प्र. माध्यम/124966/2026